# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 24.02.2020 को अपरान्ह 12:30 बजे सम्पन्न 11वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एन0बी0 सिंह<br>कुलपति<br>एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला<br>प्रति–कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 3. | श्री सुनील कुमार चौधरी<br>(प्रतिनिधि–प्रमुख सचिव,प्राविधिक शिक्षा)<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | श्री अजय जौहरी<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त)<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन,<br>कानपुर मण्डल कानपुर। | सदस्य |
| 5. | डा0 नीरज कुमार सिंह<br>कुलसचिव,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 6. | श्री राजेश सिंह<br>वित्त नियंत्रक,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |
| 7. | श्रीमती ऐश्वर्या<br>वित्त एवं लेखाधिकारी,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |

समिति की बैठक सदस्यों के परिचयोपरान्त मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रारम्भ हुई।

11.01 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 22/11/2019 को अपरान्ह12:30 बजे सम्पन्न 10वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति द्वारा दिनांक 22/11/2019 को सम्पन्न वित्त समिति की 10वीं बैठक के कार्यवृत्त पर किसी सदस्य की कोई टिप्पणी/टीकायें प्राप्त न होने के दृष्टिगत पुष्टीकरण किया गया।

11.02 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 22/11/2019 को सम्पन्न 10वीं वित्त समिति की बैठक में लिये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने वित्त समिति की दिनांक 22/11/2019 को सम्पन्न 10वीं बैठक में लिये निर्णयों पर कृत कार्यवाहियों को संज्ञान में लिया।

11.03 **वित्तीय वर्ष 2019–20 में जनवरी, 2020 तक वास्तविक व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2020–21 के आय–व्ययक अनुमान के प्रस्ताव पर विचार।**

वित्तीय वर्ष 2019–20 के आयोजनेत्तर पक्ष के लिए ₹ 5397.10 लाख का आय–व्ययक प्राविधान अनुमोदित है। वेतन भत्तों के लिए ₹ 3133.10 लाख एवं वेतन भत्तों के अतिरिक्त अन्य आयोजनेत्तर व्ययों के लिए ₹ 2264.00 लाख के व्यय प्राविधान अनुमोदित हैं। जिसके सापेक्ष क्रमशः वेतन–भत्तों में ₹ 2417.17 लाख एवं वेतन भत्तों के अतिरिक्त ₹ 893.84 लाख कुल ₹ 3311.02 लाख का व्यय दिनांक 31जनवरी, 2020 तक हुआ है। समिति उक्त से अवगत होते हुए वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए वेतन–भत्तों हेतु₹ 3050.37 लाख एवं वेतन–भत्तों के अतिरिक्त अन्य मदों के लिए ₹ 2599.00 लाख को जोड़कर ₹ 5649.37 लाख कुल प्रस्तावित आय–व्ययक बजट (**"क" एवं "ख"**) पर समिति द्वारा विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

समिति द्वारा आय–व्ययक बजट 2019–20 के अधीन गैर–वेतन में निर्धारित बजट बिन्दु सं0 8 एवं 11 पर भी आवश्यकतानुरूप शीघ्र व्यय किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**2019–20 का अनुमोदित बजट के सापेक्ष 31.01.2020 तक वास्तविक व्यय एवं 2020–21 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक का मदवार विवरण।**

| क्रम सं0 | मद | वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए अनुमोदित बजट। (₹ लाख में) | वित्तीय वर्ष 2019–20 में 31.01.2020 तक वास्तविक व्यय। (₹ लाख में) | वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| | **(क)** | | | |
| 1 | वेतन भत्ते | | | |
| | (अ) शिक्षक | | | |
| | (क) वेतन | 650.00 | 587.41 | 1146.30 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 710.71 | 544.38 | 309.50 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 40.00 | 34.55 | 48.00 |
| | (घ) एरियर सातवां वेतनमान | 373.58 | - | - |
| | योग | **1,774.29** | **1,166.34** | **1503.80** |
| | (ब) प्रशासन | | | |
| | (क) वेतन | 122.13 | 160.39 | 146.56 |
| | (ख) महँगाई भत्ता | 44.40 | 25.02 | 53.28 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 53.56 | 4.14 | 64.27 |
| | योग | **220.09** | **189.55** | **264.11** |
| | (स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी | | | |
| | (क) वेतन | 743.72 | 693.59 | 892.46 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 75.00 | 105.12 | 90.00 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 50.00 | 41.98 | 60.00 |
| | (घ) सातवाँ वेतन का एरियर | 70.00 | 67.23 | |
| | (घ) आउट सोर्सिंग | 200.00 | 153.36 | 240.00 |
| | योग | **1,138.72** | **1,061.28** | **1,282.46** |
| | योग (अ+ब+स) | **3,133.10** | **2,417.17** | **3,050.37** |
| | **(ख)** | | | |
| 2 | यात्रा व्यय | 15.00 | 1.48 | 15.00 |
| 3 | कार्यालय व्यय | 15.00 | 5.61 | 15.00 |
| 4 | टेलीफोन व्यय | 5.00 | 2.63 | 5.00 |
| 5 | गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद | 25.00 | 6.19 | 15.00 |
| 6 | व्यवसायिक एवं विधिक सेवाओं के लिए भुगतान | 50.00 | 7.52 | 50.00 |
| 7 | विज्ञापन | 50.00 | 28.10 | 50.00 |
| 8 | छात्रवृत्ति / फेलोशिप | 15.00 | - | 15.00 |
| 9 | भवन किराया, गृह कर, जल कर / जल प्रभार आदि | 150.00 | 69.14 | 150.00 |
| 10 | भवनों / सड़कों / अतिथि गृह / 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के संचालन, मरम्मत एवं मशीनों आदि का रखरखाव | 300.00 | 126.65 | 500.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 | विभागों हेतु उपकरणों, प्रयोगशाला संचालन, लेखन सामग्री व आर0 एण्ड डी कियाकलाप, सेमिनार में प्रतिभाग, आयोजन एवं कार्यालय व विविध व्यय एवं लघु एवं सूक्ष्म मरम्मत आदि हेतु | 219.00 | - | 219.00 |
| 12 | विद्युत व्यय | 350.00 | 216.03 | 350.00 |
| 13 | औषधियों एवं चिकित्सीय उपकरणों आदि पर व्यय | 20.00 | 0.56 | 20.00 |
| 14 | शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति | 10.00 | 3.23 | 10.00 |
| 15 | सुरक्षा गार्ड व्यवस्था | 150.00 | 118.68 | 250.00 |
| 16 | परीक्षा संचालन | 70.00 | 9.92 | 50.00 |
| 17 | प्रत्यायन शुल्क | 50.00 | 13.23 | 25.00 |
| 18 | विवेकाधीन कोष–माननीय कुलपति महोदय | 10.00 | - | 10.00 |
| 19 | कार्य परिषद, शैक्षिक परिषद एवं विभिन्न समितियों के आयोजन हेतु | 15.00 | **17.80** | 25.00 |
| 20 | वाहन का कय | 10.00 | - | 10.00 |
| 21 | आटोमेशन कार्य | 10.00 | 0.13 | 10.00 |
| 22 | गोपनीय व्यय | 10.00 | - | 10.00 |
| 23 | शताब्दी वर्ष की तैयारियों हेतु | 100.00 | - | 100.00 |
| 24 | छात्रावास के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा एवं विद्युत व्यय इत्यादि। | 200.00 | 112.10 | 200.00 |
| 25 | छात्र कियाकलाप के व्यय हेतु | 20.00 | **29.87** | 40.00 |
| 26 | ट्रेनिंग प्लेसमेंट के व्यय हेतु | 30.00 | 1.79 | 30.00 |
| 27 | इन्टरनेट शुल्क | 5.00 | 3.37 | 40.00 |
| 28 | पुस्तकालय व्यय | 60.00 | 51.05 | 60.00 |
| 29 | विश्वविद्यालय के सुदृणीकरण / अवस्थापना, प्रयोगशालाओं के रिनोवेशन / फर्नीचर एवं उपकरणों के कय हेतु | 300.00 | 45.86 | 300.00 |
| 30 | काउन्सिलिंग एवं कन्टीजेन्सी व्यय | - | **22.90** | 25.00 |
| | योग | **2,264.00** | **893.84** | **2599.00** |
| | महायोग (क+ख) | **5,397.10** | **3,311.02** | **5,649.37** |

11:04 **विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यकमों में अध्ययनरत छात्रों सेशैक्षिक सत्र 2019–20 से शिक्षण एवं विभिन्न शुल्क आदि में की गयी बढ़ोत्तरी से संबंधित प्रस्ताव परविचार।**

समिति द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त कि विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यकमों में शैक्षिक सत्र 2019–20 में नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं से शिक्षण एवं अन्य विभिन्न मदों के शुल्क में पाठ्यकम पूरा करने की अवधि के अन्तर्गत प्रत्येक बाद के वर्षो में शुल्क में 10% की वृद्धि किये जाने विषयक पूर्व निर्णय में आंशिक संशोधन करते हुए निम्नलिखित निर्णय लिया गयाः

''शैक्षिक सत्र 2019–20 में प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित छात्र / छात्राओं हेतु निर्धारित शिक्षण एवं अन्य विभिन्न मदों के शुल्क पाठ्यकम की निर्धारित अवधि तक यथावत रहेगा, फलस्वरूप द्वितीय, तृतीय एवं अन्तिम वर्ष का शुल्क कतिपय मदों को छोड़कर एकरूपता में देय होगा। साथ ही संचालित पाठ्यकमों के आगामी प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित छात्रों द्वारा विगत प्रथम वर्ष हेतु निर्धारित शिक्षण एवं अन्य विभिन्न मदों के शुल्क का 10 प्रतिशत अभिवृद्धित शुल्क देय होगा जो पाठ्यकम अवधि के बाद के वर्षों में, कतिपय मदों को छोड़कर एकरूपता में देय होगा।''

**11:05 विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग पर मैनपावर के रखे जाने संबंधी प्रस्ताव परविचार।**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शासन से स्पष्ट आदेश प्राप्त न होने के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग से मैनपावर की वर्तमान आबद्ध व्यवस्था को यथावत बनाये रखे जाने के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गयी। भविष्य में शासन द्वारा आउटसोर्सिंग से मैनपावर को आबद्ध किये जाने के संबंध में स्पष्ट निर्देश प्राप्त होने पर यथाशीघ्र कार्यवाही की जाय।

**11:06 विश्वविद्यालय के कार्यो हेतु Automation (ERP) का कार्य MKT Softwares (Pvt.)Ltd. के सहयोग से संज्ञान ज्ञाप में विहित व्यवस्था के अधीन कार्यावधि का विस्तार किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

**11.07 विश्वविद्यालय केन्द्रीय कय समिति की दिनांक 14.11.2019 को सम्पन्न 8वीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय की केन्द्रीय कय समिति की 8वीं बैठक में लिए गए निर्णयों से संबंधित कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**11.08 विश्वविद्यालय केन्द्रीय कय समिति की दिनांक 31.12.2019 को सम्पन्न 9वीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय की केन्द्रीय कय समिति की 9वीं बैठक में लिए गए निर्णयों से संबंधित कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**11.09 विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की दिनांक 15.02.2020 को सम्पन्न 8वीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की 8वीं बैठक में लिए गए निर्णयों से संबंधित कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**11:10 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार।**

**11.10:01 विश्वविद्यालय केन्द्रीय कय समिति की दिनांक 15.02.2020को सम्पन्न दसवीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्तावपर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय की केन्द्रीय कय समिति की 10वीं बैठक में लिए गए निर्णयों से संबंधित कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**11.10:02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्तीय वर्ष 2018–19 की बैलेन्स सीट के अनुमोदन किये जाने विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्तीय वर्ष 2018–19 की बैलेन्स सीट का अवलोकन करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**11.10:03 वाह्य एजेन्सियों, डी0एस0टी0, यू0पी0सी0एस0टी0, डी0आई0सी0–आई0आई0टी0 कानपुर, पं0दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम एवं ए0के0टी0यू0 लखनऊ द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के अन्तर्गत व्यय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा वाह्य संगठनों यथा डी0एस0टी0, यू0पी0सी0एस0टी0 एवं अन्य सगंठनों द्वारा विश्वविद्यालय को शोध कार्य हेतु स्वीकृत परियोजनायें पर वित्तीय वर्ष 2016–17 से 2019–20 तक अद्यतन व्यय का अवलोकन किया गया।

**(राजेश सिंह)**
सदस्य–सचिव,
वित्त समिति
एच0बी0टी0यू0 कानपुर

**(प्रो0 एन0बी0 सिंह)**
अध्यक्ष,
वित्त समिति
एच0बी0टी0यू0 कानपुर